## लाठीचार्ज की निंदा

**अजमेर।** राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सदस्य एवं अजमेर उत्तर विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस के प्रत्याशी रहे महेंद्र सिंह रलावता ने शनिवार को जयपुर में युवा कांग्रेस के कार्यकर्ताओं पर लाठी चार्ज एवं वाटर कैनन के प्रयोग की कड़े शब्दों में निंदा की है।

रलावता ने प्रेस वक्तव्य जारी कर बताया कि बेरोजगारी, नशा, न्यूनतम समर्थन मूल्य जैसे गंभीर मुद्दों पर युवा कांग्रेस के कार्यकर्ता शांतिपूर्ण तरीके से प्रदर्शन कर मुख्यमंत्री तक अपनी बात पहुंचना चाहते थे, तो दमनकारी नीति के तहत उन पर लाठी और वाटर कैनन का प्रयोग किया गया। इसकी कड़े शब्दों में निन्दा करते है। इस प्रकार से जनता की आवाज को दबाया नहीं जा सकता है। युवाओं की हिम्मत और जोश के सामने दमनकारी नीतियों का कोई स्थान नहीं है। अजमेर शहर जिला कांग्रेस कमेटी के महासचिव शिवकुमार बंसल, भंवर कंवर, अकरम कुरैशी आदि ने भी युवा कांग्रेस के कार्यकर्ताओं पर लाठी चार्ज की कड़े शब्दों में निंदा की है।

# विकास कार्य अजमेर की प्रगति में मील का पत्थर साबित होंगे : देवनानी

- 37.96 करोड़ रुपये की विकास की दी सौगात
- विकास कार्यों में किसी भी प्रकार की धन की कमी आड़े नहीं आएंगी

**अजमेर** (कासं)। राज्य विधानसभा अध्यक्ष व अजमेर उत्तर के भाजपा विधायक वासुदेव देवनानी ने विधानसभा क्षेत्र को 37.96 करोड़ रुपए के विकास कार्यों की सौगात दी। शनिवार को देवनानी ने 27.47 करोड़ रुपए की पृथ्वीराज नगर योजना एवं विजया राज्य सिंधिया नगर योजना में जल वितरण व्यवस्था के कार्य का शुभारंभ किया। पृथ्वीराज योजना में विभिन्न सडक़ों के निर्माण के लिए 3.97 करोड़ रुपए के कार्य सहित अन्य विकास कार्यों का भी शुभारंभ किया है।

विकास कार्यों के शुभारंभ व लोकार्पण कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधानसभा अध्यक्षा व उत्तर विधायक वासुदेव देवनानी ने कहा कि शहर के विकास में ये कार्य मील का पत्थर साबित होंगे। उन्होंने कहा कि विकास कार्यों में किसी भी प्रकार की धन कोई कमी नहीं आने दी जाएगी। जयपुर में हुई घटना पर विधानसभा अध्यक्ष देवनानी ने घटना को दुखद बताते हुए इसे काला दिन बताया और कहा कि मृतकों के प्रति सरकार की पूरी संवेदना है। नियम अनुसार आर्थिक सहायता दी जाएगी तथा घायलों के बेहतर इलाज की व्यवस्था की जा रही है।

**जयपुर अग्निकांड घटना के लिए जांच कमेटी बनाई:** विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने जयपुर में शुक्रवार को हुए अग्निकांड घटना को पीड़ा दायक और दर्दनाक बताया। उन्होंने कहा कि कल का दिन हमारे लिए काला दिन यदि मैं कहूं अतिशयोक्ति नहीं होगी। अस्पताल गया था और सबसे मिलकर बेहतर इलाज करने के निर्देश दिए हैं। उस घटना की जांच के लिए कमेटी बनाई गई है। घायल और दिवंगत हुए परिवारों को 13 लाख रुपए देने की घोषणा की है। जांच कमेटी निश्चित रूप से बताएगी कि आखिर इसका कारण क्या था। कारण आने के बाद ही दोषियों पर कार्रवाई की जाएगी। व्यवस्थाओं में सुधार की आवश्यकता होगी तो उसे भी सुधारा जाएगा।

**37.96 करोड़ का विकास की दी सौगात:** अजमेर विकास प्राधिकरण की महत्वाकांक्षी पृथ्वीराज नगर योजना में विभिन्न विकास कार्यों के लोकार्पण और शुभारंभ कार्यक्रम में सहभागी बना। इस कार्यक्रम में अजमेर उत्तर के विकास को नई ऊंचाई देने वाली कई महत्वपूर्ण परियोजनाएं प्रारम्भ की गई। पृथ्वीराज नगर योजना में 3 करोड़ 97 लाख 60 हजार रुपये की लागत से बनने वाली विभिन्न सडक़ों के निर्माण कार्य का शुभारंभ किया गया।

## मसूदा नगर पालिका राम भरोसे

- नगर पालिका में सम्पूर्ण स्टॉफ नहीं लगाए जाने के कारण लोग परेशान

**मसूदा।** मसूदा कस्बे की ग्राम पंचायत अब नगर पालिका बनने से यहा के ग्रामीणों को राहत मिलने की बजाए उल्टा और अधिक समस्याओं से जूझना पड़ रहा हैं। वहीं ग्रामीण अपने कार्य के लिए चक्कर परचक्कर काटने पर मजबूर हो रहे है। जहां एक और नगर पालिका बनाए जाने के बाद कई महीने बीत गए इसके बाद अब तक सम्पूर्ण स्टाफ नहीं लगाए जाने से लोगों को इसका खामियाजा यहां की जनता को भुगतना पड़ रहा तीन माह से अधिक का समय बीतने आ गया लेकिन जन आधार की आरडी शुरू नहीं होने से यहां के कारण ग्रामीणों को रोजाना नगर पालिका के चक्कर लगाने पड़ रहे हैं।

मंगलवार व शुक्रवार को दोपहर बाद नगर पालिका कार्यालय सूनसान मिलता है जैसे रोजाना की तरह अगर ग्रामीण नगर पालिका कार्यालय पहुंचे तो ना आयुक्त मिलती है ना वहां के कार्मिक सूनी पड़ी नगर पालिका का भवन जैसे मानो धर्मशाला हो उसका एहसास होता है। ग्रामीणों को ग्राम पंचायत स्तर पर लोगों को काफी राहतमिल रही थी लेकिन जब से मसूदा नगर पालिका बनी है तब से ग्रामीणों को खासी परेशानियों से जूझना पड़ रहा है। जो कार्मिक लगाएं गए हैं वह भी अपनी उपस्थिति दर्ज नहीं कराते नजर आ रहे हैं आते भी है तो कुछ समय बैठकर वापस लौट जाते है जबकि यहां के स्थानीय विधायक होने के बावजूद भी उपरोक्त समस्या का समाधान नहीं हो रहा।

# शिविर में आवासीय पट्टे बांटे

**आसीन्द** (निसं)। आसींद नगर के पंचायत समिति परिसर में गुड गवर्नेंस एवं सुशासन सप्ताह के तहत ब्लाक स्तरीय शिविर का आयोजन हुआ शिविर में तहसीलदार जय सिंह चौहान नायब तहसीलदार गणेश रेगर,विकास अधिकारी भंवर सिंह चारण, उप प्रधान श्रवण दास वैष्णव पंचायत समिति सदस्य अमित सेन सरपंच प्रतिनिधि निंबाराम गुर्जर के सानिध्य में ब्लॉक स्तरीय शिविर का शुभारंभ हुआ वही शिविर में शिक्षा चिकित्सा शालिनी निर्माण विभाग राजीविका कृषि बिजली विभाग सहित सभी विभागों के ब्लॉक स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे। तहसीलदार जय सिंह चौहान ने बताया कि राज्य सरकार के द्वारा सुशासन सप्ताह के तहत चलाए जा रहे ब्लॉक स्तरीय शिविर में आम जन की समस्याओं के निस्तारण हेतु परिवार लिए गए तथा उक्त परिवारों का संबंधित विभाग के द्वारा निस्तारण किया गया। वहीं शिविर में किसानों को नैनो उड़िया किट वितरित किए गए महिला बाल विकास विभाग के द्वारा महिलाओं को पोषण हेतु पौष्टिक आहार के किट वितरित किए गए वहीं शिविर में घुमंतु अर्ध घुमंतु विमुक्त परिवारों को भी पट्टे वितरित किए गए साथ ही आवासीय पट्टे भी दिए गए शिविर के दौरान राजस्व संबंधी कार्यों में नामांतरण नाम शुद्धिकरण भूमि रूपांतरण सीमा ज्ञान सहित विभिन्न राज्यों से संबंधी कार्यों का भी निपटारा किया गया। पेंशन पालनहार जन्म मृत्यु पंजीयन सहित विभिन्न योजनाओं के माध्यम से आमजन को सहूलियत प्रदान करने हेतु जानकारियां प्रदान की गई शिविर के दौरान तहसीलदार जय सिंह चौहान के समक्ष समस्त ब्लॉक स्तरीय विभागों से आए हुए अधिकारियों ने शिविर में प्राप्त परिवार प्रस्तुत किया पेयजल संबंधी समस्याओं के निराकरण हेतु भी जल संसाधन विभाग एवं चंबल परियोजना के अधिकारियों को आमजन की समस्याओं के बारे में निस्तारण करने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए वहीं इस दौरान तहसीलदार जय सिंह, सहित जनप्रतिनिधि गणेश राजस्व कार्मिक आदि मौजूद थे।

# विमंदित बच्चों के साथ मनाया क्रिसमस पर्व

**अजमेर** (कासं)। सर्वधर्म मैत्री संघ के पदाधिकारियों ने कोटड़ा स्थित शुभदा संस्थान के विमंदित बच्चों के साथ क्रिसमस का पर्व मनाया। इस अवसर पर बच्चों के साथ केक काट कर खुशिया मनाई। साथ ही म्यूजिकल चेयर गेम का आयोजन भी किया गया।

सर्व धर्म मैत्री संघ के अध्यक्ष प्रकाश जैन ने बताया कि शनिवार को कोटडा स्थित शुभदा संस्थान के विमंदित बच्चों के साथ पदाधिकारी व सदस्यों ने केक काटकर बच्चों के बीच क्रिसमस का पर्व मनाया। इस अवसर पर संस्था के बच्चों के द्वारा मनमोहक प्रस्तुतियां भी दी गई। म्यूजिकल चेयर का गेम भी खेला गया। कार्यक्रम में लॉरेंस एंड मायो स्कूल के बच्चे भी उपस्थित रहे व उन्होंने भी विमंदित बच्चों के साथ अपनी सहभागी तरह की रंगारंग कार्यक्रम की प्रस्तुति देखकर बच्चों का उत्साह वर्धन किया। शुभदा संस्थान के शिक्षकों व आमंत्रित अतिथियों तथा सर्व धर्म मैत्री संघ के सदस्यों द्वारा म्यूजिकल चेयर का खेल खेला गया। बच्चों के मनोरंजन के लिए संघ के द्वारा बच्चों को पुरस्कार एवं केक, नमकीन का पैकेट वितरित किया। संस्था के अध्यक्ष प्रकाश जैन ने बच्चों को प्रेरणादाई आशीर्वचन देकर उनके उज्जवल भविष्य की कामना का संदेश दिया। संस्थान के द्वारा अतिथियों का आभार जताया गया। इस अवसर पर प्रकाश जैन, फादर अजय, मोहम्मद खान, मंसूर अली, अीत दुआ, भरत छबलानी, प्रेम प्रकाश, विक्रम सिंह अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# 10 छात्राओं को मिली नि:शुल्क साइकिल

**आसीन्द** (निसं)। संस्थान के प्रधानाचार्य तुलसीराम कुमावत ने आए हुए अतिथियों का स्वागत अभिनंदन किया वहीं वर्ष 2024 25 की कक्षा नवी में अध्ययन 10 छात्राओं को नि:शुल्क साइकिल वितरित की गई कार्यक्रम के दौरान सरपंच प्रतिनिधि निंबाराम गुर्जर भाजपा नगर अध्यक्ष अनिल सिंह तंवर, भाजपा ग्रामीण मंडल अध्यक्ष फोजमल गुर्जर, पंचायत समिति सदस्य अमित सेन, जगदीश गर्ग सहित अतिथियों की मौजूदगी में साइकिल वितरित की गई मंच के माध्यम से अनिल सिंह तंवर ने संबोधित करते हुए बताया कि राज्य सरकार के द्वारा ग्रामीण अंचल की दूर दराज क्षेत्रों से आने वाली छात्राओं को विद्यालय आने में दिक्कत का सामना करना पड़ता है इसके तहत नि:शुल्क साइकिल वितरित की गई। राजकीय स्वामी विवेकानंद मॉडल स्कूल आसींद में पेयजल की समस्या को लेकर विद्यालय प्रबंधन समिति ने सरपंच प्रतिनिधि को अवगत करवाया।

# ट्रेलर अनियंत्रित होकर पलटा

**सरवाड़** (निसं)। सरवाड़ निकटवर्ती सूरजपुरा के पास बीकानेर से कलई के कट्टे भरकर कोटा जा रहा इसी दौरान ट्रेलर अनियंत्रित होकर पलट गया वहीं हादसे में ट्रेलर चालक गंभीर रूप से घायल हो गया जिसे एम्बुलेंस की सहायता से सरवाड़ के राजकीय अस्पताल पंहुचाया गया वहीं कोटा स्टेट हाईवे व अजमेर हाईवे पर जाम की स्थिति बन गई वहीं हादसे के कारण ट्रेलर में भरे कट्टे सड़क पर बिखर गए वहीं सरवाड़ थाना को इसकी सूचना दी गई जिस पर थानाधिकारी जगदीश चौधरी एवं पुलिस कर्मियों मौके पर पहुंचकर जानकारी वहीं गनीमत रही कि ट्रेलर के पलटते वक्त सामने से कोई अन्य वाहन नही आ रहा था अन्यथा बड़ी दुर्घटनाहो सकती थीं वहीं क्रेन की सहायता से ट्रेलर को हटवाया गया।

# 'प्रदेश सरकार का एक साल निराशाजनक रहा'

- 'सरकार ने मंदिर मस्जिद का विवाद कर समाज को बांटने का कार्य किया'

**अजमेर,** (कासं)। राज्य सरकार के एक साल पूरे होने पर कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और पूर्व मंत्री गोविंदराम मेघवाल ने प्रेस वार्ता करते हुए मौजूदा सरकार को जमकर आड़े हाथों लिया।

उन्होंने सरकार पर कुशासन का आरोप लगाते हुए कहा कि यह एक साल जनता के लिए निराशाजनक रहा है। मेघवाल ने कहा कि विधायकों को अपने काम के लिए मुख्य सचिव के यहां लाइन लगानी पड़ रही है। सरकार मंदिर-मस्जिद का विवाद खड़ा कर समाज को बांटने की कोशिश कर रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार देश की संपत्तियां अंबानी और अडानी के हाथों बेच रही है, जिससे लोकतंत्र और संविधान खतरे में पड़ गया है। मेघवाल ने संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर के अपमान का मुद्दा उठाते हुए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से इस्तीफे की मांग की। उन्होंने कहा, 'बाबा साहेब का अपमान लोकतंत्र और देश की आत्मा का अपमान है, जिसे बर्दाश्त नहीं किया जा सकता।गहलोत सरकार की प्रशंसा करते हुए उन्होंने कहा कि उनकी सरकार ने हमेशा जनभावनाओं के अनुरूप कार्य किया और समाज के सभी वर्गों के विकास पर ध्यान दिया। वहीं, मौजूदा सरकार ने समीक्षा के नाम पर कई जनकल्याणकारी योजनाओं को बंद कर दिया, जिससे गरीब और वंचित वर्ग प्रभावित हुआ। कांग्रेस कमेटी के निवर्तमान अध्यक्ष विजय जैन ने आरोप लगाया कि मौजूदा सरकार जनता के मुद्दों से भटकाकर केवल राजनीतिक लाभ उठाने की कोशिश कर रही है।

मेघवाल ने कहा कि लोकतंत्र की रक्षा के लिए जनता को संगठित होकर संघर्ष करना होगा । पत्रकार वार्ता के दौरान विजय जैन, पूर्व मंत्री नसीम अख्तर इंसाफ, किशनगढ विधायक विकास चौधरी, मसूदा विधानसभा के पूर्व विधायक राकेश पारीक, भूपेन्द्र सिंह राठौड, महेन्द्र सिंह रलावता व अंकुर त्यागी समेत कई कांग्रेसी नेतागण मौजूद रहे।

## धार्मिक आयोजन 7 जनवरी से

**अजमेर,** (कासं)। अजयनगर स्थित ईश्वर मनोहर उदासीन आश्रम में श्री सदगुरू बाबा ईसरदास साहिब की पुण्य शताब्दी महामहोत्सव के अवसर पर 7 से 13 जनवरी तक विशाल आयोजन होगें। श्रीरामकथा ज्ञान यज्ञ व रामलीला का मंचन राष्ट्रभाषा हिन्दी में होगा। देश भर से संत महात्माओं का धर्म संसद में जुटेंगे। यज्ञ अनुष्ठान, संत आर्शीवाद, समाधि पूजन आरती प्रार्थना के साथ समापन होगा।

श्री राम कथारू आश्रम के महन्त स्वरूपदास उदासीन ने जानकारी देते हुए बताया कि 7 से 11 जनवरी तक दोपहर 2 बजे से सांय 5:30 बजे तक श्रीराम कथा का आयोजन होगा, जिसमें विश्वविख्यात व्यासपीठ पर विराजकर मध्यप्रदेश जबलपुर से स्वामी अशोकानन्द महाराज के मुर्खाबिन्ध से कथा का वाचन करेंगे। रामलीलारू गौतम सांई ने बताया कि सायं 8 बजे से 10 बजे तक उतरप्रदेश वृन्दावन से श्री करणामयी रामलीला मण्डल द्वारा रामलीला का मंचन किया जाएगा।

धर्म संसद व संत दर्शन : महामण्डलेश्वर हंसराम उदसीन के नेतृत्व में 11 व 12 जनवरी को धर्म संसद व संत दर्शन का आयोजन होगा, जिसमें कई विषयों पर चर्चा होगाी। 13 जनवरी को श्री सद्गुरू स्वामी ईसरदास के शताब्दी निर्वाण महोत्सव के अवसर पर यज्ञ अनुष्ठान पूर्णाहूति, संतो का आर्शीवाद, प्रसादी, पल्लव प्रार्थना के साथ उत्सव का विश्राम होगा।

# कांस्टेबल हत्याकांड मामले में आरोपी गिरफ्तार

**भीलवाड़ा,** (निसं)। जिले के कोटड़ी थाना क्षेत्र में घटित हुए बहुचर्चित कांस्टेबल हत्याकांड के मामले में भीलवाड़ा पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने इस मामले में पचास हजार के इनामी बदमाश रामनिवास विश्नोई को गिरफ्तार किया है। अब तक इस मामले में 18 लोगों की गिरफ्तारी हो चुकी है।

जिला पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र यादव ने प्रेस वार्ता के जरिए वारदात का खुलासा करते हुए बताया कि 10 अप्रैल 2021 को रात्रि में टेलीफोन पर कोटड़ी थाने में सूचना मिली कि दो पिकअप वाहन डोडा चूरा से भरे हुए हैं और उनके साथ दो स्कॉर्पियो वाहन कोटड़ी की तरफ आ रहे हैं। इस सूचना के आधार पर कोटड़ी एसएचओ नंद सिंह ने जाब्ते के साथ हथियारबंद सरकारी और प्राइवेट वाहनों के जरिए नंदराय रोड कोटड़ी बाइपास पर नाकेबंदी शुरू कर वाहनों की जांच शुरू की। इस दौरान एक काले रंग की स्कॉर्पियो गाड़ी बिना नंबर की इसके पीछे एक पिकअप जो पीछे से तिरपाल ढकी हुई थी, स्कॉर्पियो के चालक ने पुलिस जाब्ते को देखकर गाड़ी को पुलिस पर चढ़ने की कोशिश की और मौके से भागने का प्रयास किया। इस दौरान आरोपियों ने पुलिस पर फायर भी किया जिसमें कोटड़ी थाने के एक जवान ओंकार रायका को गोली लगी, जिसकी एमजी हॉस्पिटल में मौत हो गई थी। इस हत्या को अंजाम देने के बाद आरोपी रायला थाना क्षेत्र में पहुंचे जहां नाकाबंदी के दौरान पुलिस पर फायरिंग की जिसमें एक और पुलिस जवान पवन कुमार की गोली मार कर हत्या कर दी गई थी। इस निर्मम हत्याकांड के मामले में पिछले तीन साल से पुलिस लगातार आरोपियों की गिरफ्तारी को लेकर राजस्थान के 25 से ज्यादा इलाकों में दबीश दे चुकी है। इस मामले में मुख्य आरोपी सुनील डूडी के साथ ही रामदेव जाट, नेतराम बिश्नोई, रामनिवास जाट, पारस जाट सहित 18 आरोपियों की अब तक गिरफ्तारी हो चुकी है।

एसपी ने बताया कि इस मामले में फरार चल रहे इनामी अपराधी रामनिवास विश्नोई को गिरफ्तार करने में भीलवाड़ा पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल की है। उक्त आरोपी की गिरफ्तारी को लेकर पुलिस टीम लगातार अलग-अलग ठिकानों पर दबिश दे रही थी, लेकिन आरोपी द्वारा बार-बार ठिकाने बदलने के कारण सफलता नहीं मिल पाई। पुलिस टीम के अथक प्रयास व तकनीकी सहायता से आरोपी को मुखबीर की सूचना पर जयपुर में एक होटल में ठहरे होने के दौरान डिटेन किया गया। तकनीकी टीम पिछले 6 माह से लगातार आरोपी के संदिग्ध मोबाइल नंबरों पर नजर बनाए हुए थी।

# 'होल्कर ने महिला कल्याण के अनेक कार्य करवाए'

**पुष्कर** (निसं)। समिति के संयोजक जगदेव सिंह ने बताया कि पुण्यश्लोका देवी अहिल्या बाईं होल्कर की 300 वीं जयंती पूरे भारत वर्ष में हर्षोल्लास के साथ आयोजित की जा रही हे,देवी अहिल्या बाई ने अपने शासन में आम जनता के हितों के साथ ही महिला कल्याण,महिला आत्मनिर्भर ,कुशल सैन्य शक्ति,महिला विद्यालय शिक्षा जैसे कार्य के साथ, भारत के प्रमुख तीर्थ स्थलों के मंदिरों और तीर्थ स्थलों के जीर्णोद्धार का कार्य किया इनके लोकमंगल कार्य से ही इन्हें लोकमाता के रूप में प्रसिद्धि मिली। देवी अहिल्या बाई होल्कर समारोह समिति पुष्कर क्षेत्र में विविध आयोजन के माध्यम से 300 वीं जयंती को धूम धाम से आयोजित कर रही हैं।जिसकी योजना हेतु आज बैठक का आयोजन किया गया, साथ ही कार्यकर्ताओं को विविध कार्यक्रम की जिम्मेदारियां दी गई। समिति के अध्यक्ष दशरथ सिंह तंवर ने बताया कि इस अवसर पर 31 दिसंबर को ब्रम्हा घाट पर शाम 7 बजे संगीतमय सुन्दरकाण्ड होगा,1 जनवरी को माहेश्वरी सेवा सदन में रात्रि 8 बजे अखिल भारतीय कवि सम्मेलन ,दिनांक 2 जनवरी को पुष्कर सरोवर के होल्कर घाट पर शाम 6 बजे पुष्पार्चन,दीपदान ओर महाआरती एवं 3 जनवरी को पुष्कर नगर में विशाल शोभायात्रा निकलेगी जिसका समापन धर्म सभा के साथ होगा। बैठक में समिति के देवेंद्र रांकावत, नंदू लाल पंवार,ब्यावर विधायक शंकर सिंह रावत,निवर्तमान पालिका अध्यक्ष कमल पाठक,पूर्व पालिका अधिक सूरज नारायण पाराशर, ओम प्रकाश पाराशर, विक्रम सिंह,पुष्कर नारायण भाटी, किशन गोपाल जाट,विवेक रांकावत सहित कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



